विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता व आत्मविश्वास से मोहा प्रभारी मंत्री मन

# 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,19 सितंबर. सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शनिवार को 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।**

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई चित्रकलाओं का अवलोकन किया। रंगों और कल्पनाशीलता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने सपनों के भारत की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत की, जिसकी उन्होंने खुले दिल से सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियां भी सुनीं। कक्षा 12वीं की छात्रा भूमिका भादे और कक्षा 11वीं के छात्र तनिष्क जैन की प्रभावी अभिव्यक्ति, विचारों और आत्मविश्वास की प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने खुले दिल से प्रशंसा की और उन्होंने भाषण प्रतियोगिता के दोनों प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार दिया। दोनों प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की गार्गी पराडकर ने प्रथम, कक्षा 11वीं की अक्षरा ओक्टे ने द्वितीय और कक्षा 10वीं की दिव्यांशी भोयर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप सभी में असीम संभावनाएं हैं। भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने की योग्यता है, उसे निखारें और समाज के सामने सकारात्मक रूप में प्रस्तुत करें। यदि आप अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेंगे, तो दुनिया की कोई ताकत आपको रोक नहीं सकती। असफलता से लगातार सीखते रहें, कमियों को दूर करते रहें और लगातार आगे बढ़ते रहें, सरकार हर कदम पर आपके साथ है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकानाएं दीं।

## छिंदवाड़ा के 304 होनहार विद्यार्थियों को मिली स्कूटी



शनिवार को प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कर उनकी मेहनत को सम्मानित किया गया। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के 7,400 से अधिक विद्यार्थियों को स्कूटी की सौगात दी। इसी क्रम में जिले के 304 मेधावी विद्यार्थियों को भी स्कूटी प्रदाय कर उनके सपनों को नई उड़ान दी गई। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित की गई। विकासखंड छिंदवाड़ा के 55 विद्यार्थियों ने प्रभारी मंत्री श्री सिंह के हाथों स्कूटी प्राप्त की, प्रभारी मंत्री ने इन सभी मेधावी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिले में कुल 304 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की गई। इनमें 159 छात्राएं और 145 छात्र शामिल हैं। स्कूटी मिलने से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है।

## सिंगोड़ी-खिरेटी मार्ग के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन



जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने अमरवाड़ा विकासखंड की ग्रामपंचायत खकराचौरई में आयोजित कार्यक्रम में सिंगोड़ी-हिवरखेड़ी-मानेगांव-पिपरिया गुमानी-अकलमा-खुर्शीपार-खिरेटी मार्ग के उन्नयन कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह केवल एक सड़क का भूमिपूजन नहीं है, बल्कि किसानों को उनकी उपज के बेहतर विपणन के लिए मंडियों से जोड़ने तथा ग्रामीण अंचलों के बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे पहले बरसात के दिनों में कीचड़ और कठिन रास्तों से होकर स्कूल पहुंचते थे, उन्हें अब बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। सिंगोड़ी-हिवरखेड़ी-मानेगांव-पिपरिया गुमानी-अकलमा-खुर्शीपार-खिरेटी मुख्य जिला मार्ग की कुल लंबाई 28.30 किलोमीटर है। लगभग 78.76 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से इस मार्ग का चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण किया जाएगा। परियोजना के तहत वर्तमान सिंगल लेन मार्ग को डबल लेन में विकसित किया जाएगा. तहसील चौरई एवं अमरवाड़ा क्षेत्र में कृषि उपज मंडियां, शैक्षणिक संस्थान एवं प्रमुख बाजार स्थित होने के कारण मार्ग के चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण से आसपास के लगभग 30 से 35 ग्रामों के किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे आवागमन सुगम होने के साथ-साथ कृषि उत्पादों के परिवहन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी बेहतर होगी।

## प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन



सर्किट हाउस में मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री राकेश सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की उपस्थिति में टोली प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर टोली प्रमुखों से विचार-विमर्श किया गया। जिला प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने अभियान की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं से सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने तथा निर्धारित कार्यक्रमों को सक्रियता के साथ धरातल पर क्रियान्वित करने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान संगठन की जनसेवा की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का माध्यम है। अभियान के सभी कार्यक्रमों को टोली स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाते हुए कार्यकर्ता पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभाएंगे।

# अब कन्हान क्षेत्र में जल्द खुलेगी चार कोयला खदानें

▶ सीएमडी ने चारों कोयला खदानों को खोलने के लिए प्रस्ताव मुख्यालय भेजा



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,19 सितंबर. अब कन्हान क्षेत्र में चार कोयला की खदाने जल्द खुलेगी, खदाने खुलने से कोयलांचल की खोई हुई रौनक लौट आएगी. सांसद की पहल के बाद डब्ल्यूसीएल के सीएमडी ने कन्हान क्षेत्र की चारों कोयला खदानों को खोलने का प्रस्ताव मुख्यालय भेज दिया है।**

मुख्यालय से अनुमति मिलते ही कन्हान क्षेत्र की चारों कोयला खदाने जल्द ही शुरू हो सकेगी। सांसद के प्रयासों के बाद कोयला खदानें खुलने से कन्हान क्षेत्र को जीवनदान मिल सकेगा। वर्तमान में कन्हान क्षेत्र में कोयला खदानों के लगातार बंद होने से यहा की रौनक चली गई है। जो सांसद के प्रयासों के बाद जल्द ही लौट सकेगी। बता दे कि सांसद बंटी विवेक साहू ने विगत दिनों दिल्ली में कोयला मंत्री जी.किशन रेड्डी एवं नागपुर प्रवास के दौरान डब्ल्यूसीएल के सीएमडी से महत्वपूर्ण मुलाकात की थी। सांसद श्री साहू की मंत्री जी एवं सीएमडी से मुलाकात के बाद अब कन्हान क्षेत्र में शीघ्र ही चार कोयला खदानें खोलने की उम्मीदे जाग गई है। सांसद श्री साहू से मुलाकात के बाद डब्ल्यूसीएल के सीएमडी ने कन्हान क्षेत्र की जगदम्बा, नारायणी, मोहन फेस फाइव को खोलने का प्रस्ताव मुख्यालय भेज दिया है। अब सिर्फ मुख्यालय की अनुमति शेष रह गई है। जो कि सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से शीघ्र ही मिल सकेगी। कन्हान क्षेत्र में चारों कोयला खदाने खुलने से कोयलांचल की खोई हुई रौनक फिर से लौट आएगी। नागपुर में मुलाकात के दौरान सांसद श्री साहू ने सीएमडी से पेंच और कन्हान क्षेत्र के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा भी की थी। सांसद ने सीएमडी से कन्हान क्षेत्र में भी शीघ्र ही नई कोयला खदानें खोलने का निवेदन किया था। सांसद बंटी विवेक साहू ने सीएमडी को मुलाकात के दौरान पत्र भी सौंपा था। जिसमें उन्होंने चारों कोयला खदानों में उपलब्ध कोयले की मात्रा के साथ ही इन खदानों की लाइफ के बारे में भी विस्तार से बताया था। इस दौरान सीएमडी ने सांसद श्री साहू को बताया कि वे इन चारों खदानों को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए प्रयासरत है। जिसकी कार्यवाही मंत्रालय स्तर पर चल रही है।

## आकाशीय बिजली और मृत अवस्था में मिला महिला का शव

**छिंदवाड़ा.** जिला अस्पताल में अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हुई है पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है आकाशीय बिजली गिरने से बुजुर्ग की मौत हुई है तो वही मृत अवस्था में महिला का शव मिला है पुलिस से जानकारी के अनुसार कुंडीपुरा थाना में आकाशीय बिजली गिरने से रूपलाल यादव की मौत हो गई तो वही कोतवाली थाना क्षेत्र में 50 वर्षीय राजकुमारी का शव मृत अवस्था में मिला है पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आयुर्वेद दिवस के पूर्व आयुष विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,19 सितंबर. भारत सरकार के आयुष मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग के निर्देशानुसार आगामी 11वें राष्टीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।**

जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला यावतकर के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न आयुष संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण रघुवंशी ने बताया कि शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय तामिया, आयुर्वेद औषधालय बनगांव, बेरडी, कुंडा, गुमतरा, कोपरवाड़ी, खैरीताईगांव सहित अन्य संस्थानों में स्कूलों में आयुर्वेदिक प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता, दिनचर्या पर व्याख्यान, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा ग्रामों में नि:शुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उक्त सभी गतिविधियां 23 सितंबर तक जारी रहेंगी।

# डीडीसी कॉलेज के सामने चेन स्नेचिंग की हुई घटना


▶ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,19 सितंबर.** कोतवाली थाना क्षेत्र के डीडीसी कॉलेज मार्ग पर चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई है। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।बताया जा रहा है कि नकाबपोश बदमाश कार से आए और विवाद करते हुए एक प्रोफेसर के गले से चेन लेकर फरार हो गए घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जुटाए जा रहे हैं कोतवाली थाना प्रभारी आशीष धुर्वे ने बताया कि अक्षय राव ने शिकायत दर्ज कराई है शिकायत के अनुसार वह चंदनगांव से पैदल वापस लौट रहे थे इसी दौरान डीडीसी कॉलेज गेट के पास कार से तीन युवक पहुंचे जिनमें से दो युवकों ने उनके साथ विवाद शुरू कर दिया इसी दौरान उनके गले से चेन लेकर आरोपी कार से फरार हो गए शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

**घटना के बाद नागपुर की ओर भागे बदमाश -**

बताया जा रहा है कि प्रोफेसर के गले में करीब डेढ़ तोले की चेन थी घर पहुंचने के बाद जब उन्होंने गले में चेन नहीं देखी तो उन्हें घटना की जानकारी हुई इसके बाद उन्होंने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार घटना के बाद नकाबपोश बदमाश सफेद रंग की कार से नागपुर की ओर फरार हुए हैं पुलिस अब इसी दिशा में भी जांच कर रही है।

## चौथे नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर सहित अन्य कार्यक्रमों में सांसद होंगे शामिल



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,19 सितंबर. सांसद बंटी विवेक साहू आज 20 सितंबर को ग्राम भोकई में आयोजित चौथे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सहित शहर के अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे।**

100 दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में आज 20 सितंबर को शिवपुरी मंडल के ग्राम भोकई में स्थित प्राथमिक स्कूल में शिविर लगाया जाएगा, भोकई में दोपहर 12 बजे आयोजित स्वास्थ्य शिविर का सांसद बंटी विवेक साहू शुभारंभ करेंगे। सांसद श्री साहू दोपहर 2 बजे चंदनगांव में स्थित चंद्रप्रभा लॉन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल होते हुए शिक्षकों का सम्मान करेंगे। दोपहर 3:30 बजे छिन्दवाड़ा शहर के वार्ड नंबर 41 में स्थित राज राजेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल होते हुए शिक्षकों का सम्मान करेंगे। रात्रि 8 बजे नगर में विभिन्न गणेश पंडालों में विराजित गणेश प्रतिमाओं के दर्शन एवं पूजन करेंगे।

# आबकारी की टीम ने जब्त की कच्ची और विदेशी शराब

चौरई और खमारपानी क्षेत्र के ग्रामों में की छापामार कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,19 सितंबर. कलेक्टर हरेंद्र नारायन के आदेशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई की गई।**

आबकारी वृत्त चौरई के खमारपानी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनेगांव, कढ़ैया एवं डोंगरगांव कला में आज आबकारी बल द्वारा दबिश देकर अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन बरामद किया गया। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 02 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। मौके से 07 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 15 पाव देशी प्लेन मदिरा तथा 1260 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश सिंघल, आबकारी प्रधान आरक्षक राजकुमार यदुवंशी एवं आरक्षक श्रीमती भारती मरकाम उपस्थित थे।

## मछुआरे की गेम में पानी नहाने के दौरान डूबने से मौत

**छिंदवाड़ा.** चौरई थाना अंतर्गत माचागोरा डेम में शनिवार डूबने से मछुआरे की मौत हो गई दरअसल युवक डेम में पानी नहाने के लिए उतरा था लेकिन गहराई में जाने से डूब गया जिसने मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है चौरई टीआई मोहन मर्सकोले ने बताया कि गुरु सिंह पिता अमर सिंह उम्र 50 साल की पानी में डूबने से मौत हो गई है पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है डेम में मछुआरा था कुछ समय पहले ही परिवार के साथ और मचागौरा डैम के पास में ही रहता था मामले की जांच की जा रही है

## जिला सलाहकार समिति के सदस्यों की बैठक 21 सितंबर को

**छिंदवाड़ा.** पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी. एक्ट के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में 21 सितंबर को दोपहर 03 बजे से जिला सलाहकार समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं समुचित प्राधिकारी पी.सी.एण?ड पी.एन.डी.टी. एक्ट द्वारा समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

# स्कूली बच्चों से भरा तूफान वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

तीन से छह वर्ष के मासूम थे सवार, स्कूल प्रबंधन की व्यवस्था पर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव,19 सितंबर. जुन्नारदेव आमा गोलाई चिखलमऊ चौराहा के पास स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक तूफान वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय वाहन में करीब तीन से छह वर्ष की उम्र के स्कूली बच्चे सवार थे।**

जानकारी के अनुसार विद्यालय आते समय स्कूल वाहन को किसी अन्य वाहन ने टक्कर मार दी गई. राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि घटना ने छोटे बच्चों के स्कूल परिवहन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद बच्चे घबराए हुए थे.

हादसे के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या संबंधित तूफान वाहन को स्कूली बच्चों के परिवहन के लिए नियमानुसार उपयोग किया जा रहा था? क्या वाहन का वैध फिटनेस प्रमाणपत्र मौजूद है? क्या उसके पास आवश्यक परमिट एवं बीमा है? वाहन में बच्चों की संख्या के अनुरूप सुरक्षित बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यंत्र तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध थे या नहीं? अब अभिभावकों की ओर से भी सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के आवागमन के लिए लगाए गए वाहन के दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों की जांच कब और किस स्तर पर की गई थी। संबंधित विभाग द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन की फिटनेस, परमिट, बीमा, चालक का लाइसेंस और वाहन की निर्धारित श्रेणी की जांच की जाती है तो स्थिति स्पष्ट हो सकती है। हादसा भले ही बड़ा नुकसान किए बिना टल गया हो, लेकिन इस घटना ने एक बड़ा सवाल जरूर खड़ा कर दिया हैकृक्या स्कूल प्रबंधन बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने के लिए लगाए गए प्रत्येक वाहन की सुरक्षा जांच वास्तव में सुनिश्चित करता है, या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है.

कार्यक्रम | इंदौर एयरपोर्ट पर नेता विपक्ष राहुल गांधी का किया अभिवादन

# नकुलनाथ इंदौर में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में हुए शामिल



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,19 सितंबर. नकुलनाथ इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे। इंदौर एयरपोर्ट पहुंचकर नेता विपक्ष राहुल गांधी की अगवानी की। राहुल गांधी के साथ इंदौर के रीजनल पार्क पहुंचकर छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल हुए।**

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आत्मीय स्वागत करने के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों व अन्य पदाधिकारियों से शिष्टाचार भेंट करने के उपरांत रीजनल पार्क पहुंचे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का इंदौर आगमन केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं हैं। यह कार्यक्रम देश के उस युवा वर्ग से सीधा संवाद है, जो अपने सपनों, अधिकारों और भविष्य को लेकर चिंतत है। युवा पीढ़ी के अनेक सवाल है जिसके जवाब वे मौजूदा सरकार से चाहते हैं, लेकिन केन्द्र और राज्य की सरकार युवाओं के सवालों से दूरी बना रही है। शिक्षा व्यवस्था, रोजगार, शासकीय नौकरियों में भर्ती परीक्षाओं में धांधली, पेपर लीक की वजह से वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। उनके ज्वलंत प्रश्नों का जवाब बड़ी बेबाकी के साथ राहुल गांधी ने दिया साथ ही भाजपा सरकार की युवा विरोधी नीतियों पर युवाओं ने जमकर प्रश्न उठाए। युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतत है तो वहीं भाजपा सरकार सत्ता के मद में चूर होकर राजनीतिक आयोजनों तक सीमित है। देश का युवा केवल दर्शक नहीं है वह भारत के वर्तमान की ताकत और भविष्य की दिशा तय करने वाली शक्ति है। उसके सवालों को सुनना, उसकी चिंताओं को समझना और उसके अधिकारों की आवाज़ को मजबूती से उठाना लोकतंत्र की मूल भावना है, जिसे माननीय राहुल गांधी पूरा कर रहे हैं।

### छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले से पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारी व युवा

इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सहित बड़ी संख्या में युवा व छात्र-छात्राएं भी पहुंचे। छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे के नेतृत्व में व पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जतन उइके के नेतृत्व में युवाओं व छात्र-छात्राओं ने छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शिरकत की।

IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU M.Sc. CS
B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी । * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589